(ख) और (ग) इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में उम्मीदवारों को दाखिला देते समय नौकरी की गारन्टी नहीं होती। प्राथमिक स्कूल शिक्षकों की भर्ती जांच परीक्षा के जरिये की जाती है जिसमें देश के अन्य भागों के प्रशिक्षित उम्मीदवार भी प्रतिस्पर्धा में भाग लेते हैं। इसके अलावा भर्ती, एक वर्ष में रिक्तियों की उपलब्धता पर निर्भर होती है। अतः इन प्रशिक्षार्थियों को कौन सी विशिष्ठ तारीख से नियुक्त किया जाएगा नहीं बताई जा सकती।

नीलांचल एक्सप्रेस का विलम्ब से चलना

1898. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि टाटा नगर जमशेदपुर से चलने वाली नीलांचल एक्सप्रेस हमेशा अत्यधिक विलम्ब से दिल्ली पहुंचती है जिससे यात्रियों को अत्यधिक कठिनाई होती है ; और

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों से इसका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी नहीं।

(ख) वर्षवार आंकड़े नीचे दिए गये हैं :

वर्ष	चालन के कुल दिन	विलम्ब से पहुंचने के कुल दिन
1984–85	153	87
1985–86	156	60
1986–87	156	91

गाड़ियों के समय पालन में सुधार के के लिए सम्बंधित रेलों द्वारा गाड़ियों के चालन पर निगरानी रखी जा रही है।

Blindness due to malnutrition and diabetes

1899. SHRI RAFIQUE ALAM: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that malnutrition and diabetes are one of the causes of blindness;

(b) whether malnutrition and diabetes can be overcome by medicines;

(c) if so, what are the names of the medicines available in India for malnutrition and diabetes;

(d) whether it is a fact that malnutrition is major cause for most of the diseases; and

(e) if so, what steps have been taken by Government to overcome the problems of malnutrition?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT AND THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): (a) Yes, Sir.

(b) Malnutrition cannot be overcome by medicines only. Consumption of balanced diet and nutrition education play a major role. However, Diabetes can be overcome by use of Medicines as well as by dietary regulations.

(c) The following are the anti-diabetic drugs:

1) Tolbutamide Tablet
2) Glibenclamide Tab.
3) Chlorpropamide Tab.
4) Phenformin Tab.
5) Metformin Tab.
6) Glipizide Tab.
7) Insulin Injection.

The medicines for mal-nutrition are Vitamin 'A' and iron and folic acid tablets.